हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार 20 मार्च 2026

12 बूंदाबांदी के बाद दिनभर तेज हवाएं चलने से फसल बिछी



12 एनएसएस शिविर में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन



## खबर संक्षेप

### 10 लाख की ठगी के मामले में आरोपी पकड़ा

**फतेहाबाद।** टेलीग्राम टास्क के नाम पर हुई 10 लाख की ठगी के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान सुरेन्द्र भांभू निवासी सुरपुरा तहसील नोखा जिला बीकानेर, राजस्थान के रूप में हुई है। आरोपी से 5 हजार रुपये नगद बरामद किए गए हैं।

### केबल चोरी के गिरोह पर कार्रवाई, तीन गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** खेतों में लगे ट्यूब्वैलों से केबल चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। काबू किए गए आरोपियों की पहचान बबलू पुत्र रामजी लाल, वकील उर्फ जगरूप पुत्र गोबिंद तथा वीरपाल उर्फ वीर सिंह पुत्र गुरदेव निवासी सेक्टर-19 हुडा, सिरसा के रूप में हुई है।

### हजारों की ठगी के मामले में आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** शादी का झांसा देकर हजारों रुपये की ठगी करने के मामले में थाना शहर रतिया पुलिस ने एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। काबू किए गए आरोपी की पहचान जितेन्द्र सिंह पुत्र मांगेराम निवासी झुल्ली जिला भिवानी के रूप में हुई है।

### ट्रेक्टरों का भौतिक सत्यापन आज

**फतेहाबाद।** वर्ष 2025-26 के दौरान एसबी-89 स्कीम के तहत अनुसूचित जाति श्रेणी के किसानों को अधिकतम 3 लाख रुपये का अनुदान पर दिए जाने वाले ट्रेक्टरों के भौतिक सत्यापन की अनुसूची जारी की गई है। डॉ. राजेश सिहाग ने बताया कि वर्ष 2025-26 के दौरान एसबी-89 स्कीम के तहत अनुसूचित जाति श्रेणी के किसानों को अधिकतम 3 लाख रुपये का अनुदान पर दिए जाने वाले ट्रेक्टरों का भौतिक सत्यापन 20 मार्च को सिटी पुलिस स्टेशन के पास होगा।

### हरियाणा सिविल पेंशनर्स का वार्षिक समारोह कल

**फतेहाबाद।** हरियाणा सिविल पैंशनर्ज वैलफेयर एसोसिएशन फतेहाबाद का वार्षिक समारोह 21 मार्च शनिवार को सेवन स्पाइस होटल में धूमधाम से मनाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए एसोसिएशन के प्रधान हरबंस लाल सेठी व सचिव मदन गोपाल नारंग ने बताया कि समारोह सुबह 10 बजे शुरू होगा।

**गैस एजेंसियों पर बढ़ती जा रही लोगों की कतारें**

### चाय 5 रुपये तो चाउमीन और पास्ता के दाम भी 5 से 10 रुपये बढ़े

# व्यावसायिक सिलेंडर की कमी से फास्टफूड के कारोबार पर असर, दाम बढ़े, मेन्यू में भी कटौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति को लेकर जहां अब भीड़ में कुछ कमी देखने को मिल रही है, वहीं व्यावसायिक सिलेंडरों की कमी ने छोटे कारोबारियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। खासकर स्नैक्स बेचने वाले रेहड़ी संचालकों पर इसका सीधा असर पड़ा है। सिलेंडर की अनियमित आपूर्ति के चलते उन्हें अपने खाद्य पदार्थों के दाम बढ़ाने और मेन्यू में कटौती करने को मजबूर होना पड़ रहा है। शहर के मॉडल टाऊन स्थित पपीहा पार्क के सामने और हुडा सैक्टर 3 मार्किट में खड़े फास्ट फूड रेहड़ी संचालकों के अनुसार, जिन खाद्य पदार्थों में अधिक गैस की खपत होती थी, उन्हें फिलहाल बंद कर दिया है। पहले जहां रोजाना डोसा, चाउमीन, सोयाबीन चाप और अन्य आइटम बनाए जाते थे, अब कई रेहड़ियों पर ये पूरी तरह बंद हो चुके हैं। कुछ संचालक तो तभी बाजार में रेहड़ी लेकर आ रहे हैं जब उन्हें सिलेंडर मिल जाता है, अन्यथा उन्हें छुट्टी करनी पड़ रही है। हुडा सैक्टर 3 स्थित रेहड़ी संचालक संजय ने बताया कि उसके पास सिलेंडर अधिकतम दो से तीन दिन तक ही चल पाता है, जिसके बाद उसे फिर से सिलेंडर का जुगाड़ करना पड़ता है। ऐसे में रोजाना की आय प्रभावित हो रही है और घर का खर्च चलाना भी मुश्किल होता जा रहा है। इधर, गैस एजेंसियों पर भीड़ अभी भी बनी हुई है। जैसे-जैसे ईरान-अमेरिका के बीच युद्ध आगे बढ़ता जा रहा है, भविष्य में गैस किल्लत की आशंका को देखते हुए गैस एजेंसियों पर लोगों की कतारों की लंबाई भी बढ़ रही है। रात 10 बजे के बाद जिन उपभोक्ताओं का 25 दिन का समय पूरा हो जाता है, उनके सिलेंडर बुक हो रहे हैं।

**रोजाना की आय प्रभावित हो रही, घर खर्च चलाना भी मुश्किल**



फतेहाबाद। पपीहा पार्क के सामने स्थित फास्ट फूड की दुकानें। *फोटो: हरिभूमि*

### महंगे दाम पर सिलेंडर लेने पर मजबूर होना पड़ रहा

सिरसा रोड पर चाय की रेहड़ी लगाने वाले राम ने बताया कि चाय का दाम उन्हें 5 रुपये बढ़ाना पड़ा है, क्योंकि उन्हें बाजार से महंगे दाम पर सिलेंडर लेने पर मजबूर होना पड़ा। फास्ट फूड विक्रेता मोहन ने बताया कि कुछ आइटम जैसे डोसा व दही कबाब बंद करने पड़े हैं। चाउमीन व पास्ता के दाम 5 से 10 रुपए बढ़ाने पड़े हैं, वरना नुकसान हो रहा था। बर्गर और मोमोज विक्रेता शीलू ने बताया कि जब सिलेंडर मिलता है तभी दुकान लगाते हैं। नहीं तो घर बैठना पड़ता है। ऐसे में उन्हें अपने घर से ही कुछ सामान बनाकर लाना पड़ रहा है। नगरपरिषद के बाहर डोसे और कुल्चे की रेहड़ी लगाने वाले अमित ने बताया कि गैस की कमी के कारण जो चीजें बनानी बंद की हैं, उन्हीं के ग्राहक सबसे अधिक थे, लेकिन अब उन्हें मजबूरी में बंद करना पड़ा है। इससे उनकी आमदन पर असर पड़ रहा है।

### होटल, रेस्टोरेंट और बैंक्वेट कारोबार भी प्रभावित

जिले में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की कमी ने होटल, रेस्टोरेंट और बैंक्वेट कारोबार से जुड़े लोगों की चिंता बढ़ा दी है और हरियाणा बैंक्वेट ज्ञापन सौंपकर जल्द समाधान की मांग उठाई है। एसोसिएशन के जिला प्रधान लवली मेहता ने बताया कि अधिकांश विवाह समारोह और अन्य सामाजिक कार्यक्रम पहले से बुक हैं, लेकिन गैस सिलेंडरों की सीमित उपलब्धता के चलते व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं। इस समस्या को लेकर वे उपायुक्त से भी मिल चुके हैं लेकिन अभी तक उन्हें पर्याप्त मात्रा में कमर्शियल सिलैंडर नहीं मिल रहे हैं।

### आधा दर्जन ठिकानों पर रेड, 12 घरेलू सिलेंडर जब्त



**सिरसा।** खाद्य एवं आपूर्ति विभाग सिरसा की टीमों ने आधा दर्जन जगहों पर औचक छापेमारी कर एक दर्जन सिलेंडर जब्त किए है। जानकारी के अनुसार विभागीय टीम ने सिविल अस्पताल की कैंटीन से 2 सिलेंडर, दिनेश वैष्णों भोजनालय सूरतगढ़िया बाजार से एक सिलेंडर, गुरूनानक नमकीन भंडार सूरतगढ़िया बाजार से दो सिलेंडर, लवली स्वीट्स बेगू रोड से 5 सिलेंडर, बजाज स्वीटस रोड़ी गेट से एक सिलेंडर और सुरेंद्र नागपाल रोड़ी बाजार सिरसा से एक सिलेंडर जब्त किया है।



रतिया। गैस किल्लत को लेकर रोड जाम करते गैस उपभोक्ता। *फोटो: हरिभूमि*

## गैस सिलेंडर की समस्या से परेशान लोगों ने लगाया जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतिया

गैस सिलेंडर की समस्या से परेशान गैस उपभोक्ताओं का गुस्सा आखिरकार वीरवार सुबह फूट गया। गैस न मिलने से परेशान रतिया क्षेत्र के लोगों ने सुबह 6:45 बजे भारत गैस एजेंसी के पास रतिया-फतेहाबाद रोड पर छोटी नहर पर जाम लगा दिया और नारेबाजी शुरू कर दी। जाम के कारण फतेहाबाद और रतिया से पंजाब के बुढलाडा जाने वाला रास्ता बंद हो गया। उधर, जाम के कारण दूसरे लोगों को भी आने-जाने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।करीब 50 मिनट बाद मौके पर पहुंचे सदर थाना प्रभारी प्रहलाद सिंह ने जाम लगा रहे लोगों को समस्या के समाधान का आश्वासन दिया।

### समाधान की मांग

प्रदर्शन कर रहे बूटा सिंह, नक्षत्र सिंह, राजू, सतीश सहित अन्य उपभोक्ताओं ने बताया कि वे पिछले तीन-चार दिनों से लगातार गैस एजेंसियों के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन न तो उन्हें सिलेंडर मिल रहा है और हर रोज सुबह सिलेंडर देने की बात कह रहे है। इसके चलते हम सुबह 5 बजे ही गैस एजेंसी आए तो गैस एजेंसी बंद थी। इसके बाद 6 बजे एजेंसी के कर्मचारी आए तो उन्होंने गैस न होने की बात कही जिसके चलते लोगों में रोष फैल गया और गुस्साए लोगों ने जाम लगा दिया। मौके पर मौजूद लोगों ने प्रशासन से इस समस्या के जल्द समाधान की मांग की। उन्होंने अधिकारियों के सामने अपनी नाराजगी भी जाहिर की।

## प्रेमी संग मिलकर की थी जयवीर की हत्या, प्रेमी के बाद पत्नी भी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** गांव भोडिय़ाखेड़ा निवासी एक युवक की हत्या करने की गुत्थी को सुलझाते हुए शहर फतेहाबाद पुलिस ने मृतक युवक की पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति की हत्या की और शव को सडक़ किनारे फैंक दिया था। गिरफ्तार महिला की पहचान ममता निवासी भोडिया खेड़ा जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है। थाना शहर फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि 11 मार्च को फतेहाबाद के सेक्टर-11 स्थित निर्माणाधीन सरकारी अस्पताल के पास सड़क किनारे एक युवक का शव बरामद हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवाया गया था। मृतक युवक की पहचान जयवीर निवासी भोडिया खेड़ा के रूप में हुई थी। मृतक के सिर में चोट के निशान पाए गए थे। इस संबंध में पुलिस ने हत्या के आरोप में मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।



**फतेहाबाद।** पति की हत्या मामले में गिरफ्तार महिला।

## चाकू से हत्या के मामला में दो युवकों को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** शहर के गुरूनानकपुरा में एक युवक पर चाकू से हमला कर उसकी हत्या करने के मामले में सीआईए फतेहाबाद तथा थाना शहर फतेहाबाद की संयुक्त टीम ने दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार युवकों की पहचान रजत पुत्र राजकुमार निवासी अशोक नगर फतेहाबाद तथा मंगत उर्फ मंगी पुत्र गुरदेव सिंह निवासी गुरुनानक पुरा मोहल्ला फतेहाबाद के रूप में हुई है। बता दें कि शहर के गुरुनानकपुरा मोहल्ले में बीते रविवार को एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। उसके मामा काका सिंह और मामी सुनीता ने बताया था कि संदीप छह भाई-बहनों में दूसरे नंबर का था। वह बचपन से ही उनके पास रहता था। थाना शहर फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि 15 मार्च को गुरुनानक पुरा मोहल्ला में हुए एक विवाद के दौरान आरोपियों ने रंजिश के चलते संदीप सिंह उर्फ दीपा पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया।



पुलिस गिरफ्त में मर्डर केस में गिरफ्तार युवक।

### प्रशासन ने रात्रि ठहराव कार्यक्रम के तहत गांव शेखुपुर दड़ौली में किया संवाद

# जिला प्रशासन नागरिकों की समस्याएं सुनने और उनका समाधान करने के लिए तत्पर : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार जिला प्रशासन फतेहाबाद ने गुरुवार की सायं से जिला के भट्टू खंड के गांव शेखुपुर दड़ौली स्थित पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परिसर में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया। डीसी डॉ. विवेक भारती व एसपी सिद्धांत जैन ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और उनकी सार्वजनिक व व्यक्तिगत समस्याएं सुनी और उनका मौके पर समाधान किया। गांव में पहुंच डीसी व एसपी ने युवाओं को सकारात्मक संदेश के साथ जीवन मे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### जनसेवा को समर्पित होकर कार्य कर रही सरकार

रात्रि ठहराव कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों से रूबरू होते हुए डीसी डॉ. विवेक भारती ने कहा कि हरियाणा सरकार जनसेवा को समर्पित होकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर के साथ ही लोगों के घर द्वार उनकी जन सुनवाई करने के उद्देश्य से रात्रि ठहराव कार्यक्रम के तहत प्रशासन गांव में पहुंच रहा है। डीसी ने कहा कि जिला प्रशासन हर समय नागरिकों की समस्याएं सुनने और उनका समाधान करने के लिए तत्पर है। किसी भी नागरिक की किसी भी विभाग से संबंधित यदि कोई समस्या है तो वह बिना किसी हिचक के प्रशासन के समक्ष रखें, उनका समयबद्ध ढंग से समाधान किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे गांव के विकास में अपना योगदान दें।



### अधिकारियों का हुआ गांव मे भव्य स्वागत

रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत की तरफ से सभी अधिकारियों का स्वागत किया गया। ग्राम पंचायत ने आलाधिकारियों को गांव की मागों को लेकर मांगपत्र सौंपा। इसके साथ ही ग्रामीणों ने जिला प्रशासन को आश्वस्त किया कि वे गांव में ड्रग्स आदि नशीले पदार्थों की बिक्री रोकने में जिला प्रशासन का हर संभव सहयोग करेंगे।

### किया जागरूक

डीसी डॉ. विवेक भारती ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ रात्रि ठहराव कार्यक्रम के तहत लगी विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। उन्होंने मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना, हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, हर घर हर ग्रहणी योजना, निरोगी हरियाणा, आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र ,जल संरक्षण अभियान, निपुण हरियाणा आदि योजनाओं पर केंद्रित स्टोल का निरीक्षण करते हुए योजनाओं का लाभ उठाने के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया।

### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर एसडीएम फतेहाबाद राजेश कुमार, सीईओ डीआरडीए सुरेश कुमार, सीटीएम गौरव गुप्ता, डीडीपीओ अनूप सिंह सहित सरपंच सुमन भदरेचा, अमर सिंह, मानसिंह भदरेचा सहित सभी विभागाध्यक्ष मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप

### बनभौरी धाम के लिए जत्था 21 को होगा रवाना

**रतिया।** मां बनभौरी देवी शक्तिपीठ के लिए जय मां भ्रामरी देवी लंगर कमेटी रतिया द्वारा तीन दिवसीय लंगर लगाया जाएगा। इसको लेकर जत्था प्रधान गुलाब शर्मा की अगुवाई में 21 मार्च शनिवार को सुबह रवाना होगा। गुलाब शर्मा ने बताया कि साल में दो बार हर नवरात्रों पर उनकी कमेटी द्वारा मां बनभौरी शक्तिपीठ में लंगर लगाया जाता है जो दिन-रात 24 घंटे चलता है। उन्होंने बताया कि बरवाला से 7 किलोमीटर दूर बनभौरी धाम के मार्ग पर पेट्रोल पंप के पास यह लंगर पिछले लगभग 8 वर्षों से लगाया जा रहा हैं।

### निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर 22 मार्च को

**रतिया।** खालसा हॉस्पिटल मैनेजमैंट द्वारा संचालित चूड़ामणि मल्टी स्पैशलिस्ट अस्पताल हिसार द्वारा रतिया एसएस जैन सभा के सहयोग से 22 मार्च को शहर की अनाज मंडी रोड पर स्थित जैन स्थानक में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए एसएस जैन सभा रतिया के प्रधान मोनू जैन, निशांत जैन, वर्धमान जैन व पूर्व प्रधान संजू जिंदल ने बताया कि इस शिविर में प्रमुख चिकित्सक डॉ. अनिल जैन, डॉ. दीपक जैन व डॉ. अजय कड़वासरा के नेतृत्व की गठित टीम आम लोगों के स्वास्थ्य की जांच करेंगे।

### पोस्टर मेकिंग में विपरीत सलोनी व संजय अव्वल

**सिरसा।** राजकीय नेशनल महाविद्यालय सिरसा में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता की मुख्य थीम एड्स/एचआईवी व नशे के प्रति जागरूकता रही। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. राजदीप कौर, प्रो. परमजीत कौर व प्रो. रमेश सोनी ने निभाई। प्रतियोगिता में विपरीत सलोनी व संजय ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### पुलिस की छापेमारी में घर से शराब बरामद

**फतेहाबाद।** थाना भूना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जांडली खुर्द में छापेमारी कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना भूना के प्रभारी उपनिरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि सूचना के आधार पर तुरंत छापेमारी की गई। मौके पर एक व्यक्ति दो प्लास्टिक कैनियों के साथ खड़ा मिला, जो पुलिस को देखकर घबराकर कैनियों को उठाने का प्रयास करने लगा। शक के आधार पर उसे काबू कर पूछताछ की गई, जिसने अपना नाम दिलावर उर्फ बिल्लु पुत्र अनुप सिंह निवासी जांडली खुर्द बताया।

### सडक हादसे में बाइक सवार की मौत

**सिरसा।** अज्ञा वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान अमृतपाल सिंह के रूप में हुई है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। मगर अभी तक वाहन चालक का पता नहीं चल पाया है। पुलिस को दी शिकायत में जगसीर सिंह ने बताया कि वह मंगाला का रहने वाला है। उसका छोटा भाई अमृतपाल सिरसा में काम करता है और आने-जाने के लिए ताऊ के लडक़े की बाइक ले रखी है। वह बाइक पर सवार होकर काम पर गया हुआ था।

---

### 'अपना घर आश्रम' में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, रक्तदान शिविर में युवाओं ने दिखाया जोश

# हिंदू नव वर्ष हमें अपनी संस्कृति से जुड़ने और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने की देता है प्रेरणा : स्वामी सदानंद

■ शिविर का उद्देश्य पीड़ित मानवता की सेवा करना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

श्री कृष्ण प्रणामी सेवा समिति और स्वामी सदानंद प्रणामी गौ सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में नेशनल हाइवे बाईपास पर स्थित 'सद्गुरू कृपा अपना घर' में हिंदू नव वर्ष विक्रम संवत 2083 के पावन अवसर पर सत्संग एवं स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम परमहंस संत शिरोमणि श्री श्री 108 डॉ. स्वामी सदानंद जी महाराज के पावन सानिध्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर कमीश्नर हिसार रविप्रकाश गुप्ता व डीसी फतेहाबाद डॉ. विवेक भारती ने शिरकत की और स्वामी जी से आशीर्वाद लिया। उन्होंने अपना घर आश्रम द्वारा मानवता की सेवा को लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से आयोजित इस रक्तदान शिविर में ब्लड बैंक, फतेहाबाद की टीम ने अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं दीं। सुबह 9 बजे से ही रक्तदाताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। शिविर का उद्देश्य पीड़ित मानवता की सेवा के संकल्प को और सुदृढ़ करना था। सत्संग के दौरान श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए डॉ. स्वामी सदानंद जी महाराज ने कहा कि मानव सेवा ही माधव सेवा है। हिंदू नव वर्ष हमें अपनी संस्कृति से जुडने और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि इस नववर्ष में अपने भीतर के ईर्ष्या और द्वेष को त्याग कर प्रेम, करुणा और सेवा का दीप जलाएं। भगवान कृष्ण और प्रणामी परंपरा हमें सिखाती है कि सेवा के माध्यम से ही परमात्मा की प्राप्ति संभव है। स्वामी जी ने रक्तदान को महादान बताते हुए कहा कि रक्तदान केवल एक दान नहीं, बल्कि किसी को जीवनदान देने का पुण्य कार्य है। जब हम निःस्वार्थ भाव से पीड़ित मानवता की सेवा करते हैं, तभी हमें वास्तविक आध्यात्मिक शांति प्राप्त होती है।



फतेहाबाद। शिविर में रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते स्वामी सदानंद जी महाराज।



कमीश्नर रविप्रकाश गुप्ता व डीसी डॉ. विवेक भारती को सम्मानित करते सेवादार।

#### अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर किया सम्मानित

प्रशासन और सामाजिक संस्थाओं की ओर से जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव लालचंद बैनीवाल, सुनील भाटिया, सुभाष गर्ग, सतपाल अरोड़ा, नरेन्द्र, भूप सिंह, मांगेराम भट्टू, संजय प्रधान, मदन डबवाली, सुशील भट्टू, मोहन लाल, रमेश मेहूवाला, ईन्द्र शर्मा, राजेन्द्र ढाणी ठोबा, और रोहताश मंगल सहित भट्टू, सिरसा, डबवाली, रतिया व हिसार से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने गुरु महाराज का आशीर्वाद लिया। आश्रम के प्रमुख सेवादार विनोद तायल एवं अशोक भुक्कर ने कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का से स्वागत किया। कार्यक्रम के समापन पर सभी विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया और रक्तदाताओं का आभार जताया गया।

#### डेरा बाबा सरसाई नाथ में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



**सिरसा।** नवसंवत के आगमन पर गुरुवार को सिरसा शहर के संस्थापक बाबा सरसाई नाथ डेरा में विशाल मेला का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने बाबा की समाधि पर शीश नवाकर सुख समृद्धि की कामना की। वहीं भजन मंडली के कलाकारों ने बाबा की महिमा का गुणगान किया। डेरा बाबा सरसाईनाथ में मेले को चलते मंदिर में भव्य सजावट की है। डेरा के महंत बाबा सुंदराईनाथ ने श्रद्धालुओं को आशीर्वाद से देते हुऐ कहा कि यहां सबकी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं तथा यहां सभी धर्मों के लोग आकर बाबा की समाधि पर माथा टेकते हैं। उन्होंने कहा कि सिरसा नगरी बाबा सरसाईनाथ ने बसाई थी, जिसकी नींव नवसंवत के अवसर पर रखी गई थी। इसलिए नवसंवत पर जिलावासी यहां सपरिवार आकर शीश नवाते हैं और बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को मंदिर की प्रसाद वितरण समिति की ओर से चूरमे का प्रसाद वितरित किया गया। सिरसा का नाम बाबा सरसाईनाथ के नाम से अलंकृत हुआ।

#### छात्रों ने किया हिंदू नववर्ष का भव्य स्वागत



**भट्टूकलां।** गांव पीलीमंदोरी स्थित शिक्षण संस्थान संस्कार विद्यापीठ में आज हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आध्यात्मिक शांति के लिए हवन के साथ मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया वहीं रक्तदान शिविर का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक रीति-रिवाज के साथ पवित्र हवन यज्ञ से हुआ। विद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों और प्रबंधन समिति ने पूर्ण श्रद्धा भाव के साथ आहुतियां डालीं। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ अपनी जड़ों और संस्कारों से

#### चैत्र नवरात्रि पर मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु



**सिरसा।** चैत्र नवरात्रि के पर्व की उल्लासपूर्वक शुरूआत हो चुकी है। श्रद्धालुओं की ओर से व्रत धारण कर मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों का आह्वान किया जा रहा है। पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा आराधना की गई। प्रथम दिन मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। मंदिरों में आज विशेष पूजा-पाठ किया गया, हवन-यज्ञ किए गए, वहीं अनेक मंदिरों में श्रद्धालुओं की ओर से अखण्ड पावन ज्योत प्रज्ज्वलित की गई है। अगले नौ दिन तक यह पावन ज्योत प्रज्ज्वलित रहेगी। श्री सालासरधाम मंदिर को नवरात्रे के उपलक्ष्य में भव्य रूप से सजाया गया है।

---

## नशा मुक्त अभियान को लेकर समीक्षा अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

नशा मुक्त अभियान के तहत वीरवार को नारकोटिक्स कोआर्डिनेशन कमेटी की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए चलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों की उपायुक्त शांतनु शर्मा ने समीक्षा की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण भी उपस्थित रहे, जबकि डबवाली की पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुईं। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि नशा उन्मूलन के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाए जाएं तथा अभियान को और अधिक तेज़ किया जाए। युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए महाविद्यालय स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान के लिए सम्मानित किया जाएगा, जिससे युवाओं में सकारात्मक प्रतिस्पर्धा और जागरूकता को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा, मेडिकल स्टोरों की नियमित और सघन जांच के निर्देश भी दिए गए ताकि अवैध रूप से नशीली दवाइयों की बिक्री पर रोक लगाई जा सके।



**सिरसा।** नारकोटिक्स को-आर्डिनेटर कमेटी की बैठक लेते उपायुक्त।

## नशाग्रस्त के उपचार के लिए आगे आया अग्रवाल समाज

### होम्योपैथिक एवं एलोपैथिक दवाइयां नशा मुक्ति अभियान को समर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिले को नशा मुक्त बनाने की दिशा में जारी ऑपरेशन जीवन ज्योति मुहिम में अग्रवाल समाज फतेहाबाद ने सराहनीय योगदान दिया है। समाज की नैतिक जिम्मेदारी को समझते हुए अग्रवाल समाज ने नशा ग्रस्त युवाओं को इस दलदल से बाहर निकालने और उनके पुनर्वास के लिए हाथ आगे बढ़ाया है। अग्रवाल समाज के प्रधान मनोज गर्ग ने बताया कि संस्था द्वारा पुलिस लाइन स्थित सभागार हॉल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान करीब 30 हजार रुपये मूल्य की होम्योपैथिक एवं एलोपैथिक दवाइयां नशा मुक्ति अभियान को समर्पित की गई हैं। उन्होंने कहा कि इन दवाइयों का उपयोग उन युवाओं के उपचार के लिए किया जाएगा जो नशे की गिरफ्त में आ चुके हैं, ताकि वे शीघ्र स्वस्थ होकर समाज की मुख्यधारा में लौट सकें। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने इस अनुकरणीय पहल का स्वागत किया। अग्रवाल समाज के संरक्षक वेद प्रकाश मंगल एवं प्रधान मनोज गर्ग का आभार व्यक्त करते हुए एसपी ने कहा कि यह कार्य समाज कल्याण की दिशा में एक उत्कृष्ट उदाहरण है।



**फतेहाबाद।** नशाग्रस्त युवाओं को दवाइयां सौंपते अग्रवाल समाज के सदस्य।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर डीएसपी कुलवंत सिंह, नशा मुक्ति टीम प्रभारी उप-निरीक्षक सुंदर लाल, अग्रवाल समाज के उप-प्रधान देशराज बंसल, सचिव ललित गोयल, उप-सचिव सुनील गोयल, कोषाध्यक्ष अमित बंसल, वरिष्ठ सदस्य निरंजन ऐरन, अमित गर्ग, गौरव बंसल एवं दिनेश बंसल आदि मौजूद रहे। अग्रवाल समाज ने जिले की अन्य सामाजिक संस्थाओं और प्रबुद्ध नागरिकों से भी आह्वान किया है कि वे इस सामाजिक हवन यज्ञ में अपनी आहुति दें। अग्रवाल समाज का मानना है कि सामूहिक प्रयासों से ही फतेहाबाद को पूर्ण रूप से नशा मुक्त और खुशहाल बनाया जा सकता है।



### नाटक से दी नशे से दूर रहने की नसीहत

**सिरसा।** सीएमके महाविद्यालय की ओर से वीरवार को शहर की धानक बस्ती में नशा जागरूकता संबंधी नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने नशे के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए लोगों को जानकारी दी। इस नाटक के जरिए विद्यार्थियों ने वहां के निवासियों को नशे से दूर रहने व स्वस्थ जीवन जीने का संदेश दिया। कार्यकारी प्राचार्या अंशु उप्पल ने लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि व्यक्ति को किसी भी प्रकार का नशा नहीं करना चाहिए, क्योंकि नशा न केवल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है बल्कि, यह परिवार और समाज दोनों को प्रभावित करता है। नशीली दवाओं की लत बढने से लोगों में अवसाद, पारिवारिक कलह और आपसी रिश्तों में तनाव जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि नशा रोकथाम के लिए समाज के लिए हर वर्ग को मिलकर प्रयास करना चाहिए। एंटी ड्रग परिवेंशन सेल की संयाजिका डॉ. मंजू देवी ने बताया कि आज की युवा पीढ़ी नशे की लत की सबसे बड़ी शिकार बनती जा रही है। युवावस्था में कैरियर, प्रतिस्पर्धा और भविष्य को लेकर मानसिक दबाव बनने से कई बार युवा गलत राह पकड़ लेते हैं। युवा देश की भावी शक्ति है। यदि यह पीढ़ी नशे की गिरफ्त में चली गई तो राष्ट्र का भविष्य अंधकार में चला जाएगा।

## राजेन्द्र सरबटा बने भाजपा एससी मोर्चा के जिलाध्यक्ष, फूल-मालाओं से स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

वरिष्ठ भाजपा नेता राजेन्द्र सरबटा को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर आज बीजेपी जिला कार्यालय में उनका अभिनंदन किया गया। जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने राजेन्द्र सरबटा को फूल माला पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर बधाई दीं। राजेन्द्र सरबटा ने भी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली व हाई कमान का आभार व्यक्त किया। इस अवसर राजेन्द्र सरबटा के साथ उनकी धर्मपत्नी भट्टू ब्लॉक समिति की चेयरपर्सन अन्नु सरबटा भी विशेष रूप से मौजूद रहीं। एससी मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सरबटा ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, वह उसका पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निर्वाह करेंगे तथा भाजपा के संगठन में एससी वर्ग को और अधिक मजबूत बनाने का काम करेंगे। इस अवसर पर भाजपा नेता राजपाल बैनीवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष बलदेव ग्रोहा, जिला महामंत्री अशोक जाखड़, विकास ललौदा, शम्मी ढींगड़ा, कंवल चौधरी आदि रहे।



**फतेहाबाद।** राजेन्द्र सरबटा को बधाई देते भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा।

## राहवीर योजना के तहत सरकार देगी 25 हजार

### सड़क दुर्घटना में घायल के बनें मददगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

केंद्र सरकार की राहवीर योजना के तहत दुर्घटना में घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवर (एक घंटे के भीतर) में अस्पताल पहुंचाने वाले मददगार को 25 हजार रुपये पुरस्कार दिया जाएगा। योजना का मुख्य उद्देश्य हादसे के दौरान घायल हुए इंसान को समय पर मदद करने के लिए आमजन को प्रोत्साहित करना है। सड़क दुर्घटना में घायल की मदद करने वाले को सात दिन के अंदर 25 हजार रुपये इनाम और प्रशस्ति-पत्र दिया जाएगा। अगर एक से अधिक व्यक्ति मदद करते हैं तो इनाम की राशि समान रूप में बांटी जाएगी। प्रशस्ति-पत्र सभी को दिए जाएंगे। एक व्यक्ति साल में पांच बार यह पुरस्कार ले सकता है। राहवीर को अपना नाम, मोबाइल नंबर, घटनास्थल का विवरण और बैंक खाता डिटेल देनी होगी। जिस पुलिस थाना क्षेत्र में दुर्घटना हुई उसका प्रमाण पत्र और जिस अस्पताल में भर्ती करवाया उसका प्रमाण पत्र भी लगाना होगा। इसके लिए जिला स्तर पर मूल्यांकन कमेटी भी बनाई गई है।

---

## श्री अमर ज्योति मंदिर के वार्षिक महोत्सव का पूजा-पाठ के साथ हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

श्री झूलेलाल जी महाराज के ऐतिहासिक श्री अमर ज्योति मंदिर का 43वां वार्षिक महोत्सव आज बड़े ही धूमधाम के साथ शुरू हुआ। गद्दीनशीन गुरु माता प्रकाश देवी ठक्कर के पावन सानिध्य में आयोजित इस महोत्स का शुभारंभ विधिवत्त पूजा अर्चना और ध्वजारोहण के साथ किया गया। श्री गौरी शंकर मंदिर के संचालक पंडित चंद्रशेखर मिश्रा ने वेद मंत्रों का उच्चारण किया वहीं श्री झूलेलाल जी महाराज की महिमा का गुणगान किया। पंडित चंद्रशेखर मिश्रा ने श्री कृष्ण भक्ति के भजनों का गायन कर समां बांध दिया। इसके अलावा फतेहाबाद के सुप्रसिद्ध संगीत रतन बालकिशन रतन ने भी श्री झूलेलाल जी महाराज की महिमा का गुणगान किया। कार्यक्रम में मंच संचालन विज्ञान सागर बाघला ने किया। उन्होंने श्री अमर ज्योति मंदिर संस्थापक डॉक्टर साहब लाल जी ठक्कर के जीवन पर प्रकाश डाला।



**फतेहाबाद।** पूजा अर्चना करते श्री अमर ज्योति मंदिर के वार्षिक महोत्सव का

### डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी देवेंद्र मित्तल को मंत्री श्रुति चौधरी ने किया सम्मानित

## लिंगानुपात सुधार में फतेहाबाद का प्रदेश में दूसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिले में लिंगानुपात सुधार की दिशा में किए गए प्रयासों के चलते वर्ष 2024-25 में फतेहाबाद को प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। इस उपलब्धि पर जिला प्रशासन और संबंधित विभागों के अधिकारियों को महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने सम्मानित किया। यह सम्मान समारोह 19 मार्च 2026 को आयोजित कार्यक्रम में दिया गया, जिसमें फतेहाबाद जिला उपायुक्त प्राधिकरण की ओर से जिला प्राधिकरण सदस्य देवेंद्र कुमार मित्तल, जिला कार्यक्रम अधिकारी कविता रानी तथा स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉ. नृपाल को सम्मानित किया गया। अधिकारियों को यह सम्मान जिले में लिंगानुपात सुधार के लिए किए गए प्रभावी प्रयासों और योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग के आयुक्त एवं सचिव शेखर विद्यार्थी भी उपस्थित रहे। इसके अलावा विभाग की निदेशक डॉ. प्रियंका सोनी और संयुक्त निदेशक राजबाला कटारिया की मौजूदगी में समारोह सम्पन्न हुआ।



डिस्ट्रिक अटॉर्नी देवेंद्र मित्तल को सम्मानित करतीं मंत्री श्रुति चौधरी।

#### जागरूकता अभियान के निकले सही परिणाम

इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि लिंगानुपात सुधार के लिए जागरूकता अभियान, सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और विभिन्न विभागों के समन्वय से सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। जिले में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने और भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक बुराइयों को रोकने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। अधिकारियों ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में भी इसी तरह के प्रयास जारी रखे जाएंगे, ताकि फतेहाबाद जिला लिंगानुपात सुधार के क्षेत्र में और बेहतर प्रदर्शन कर सके।

## खबर संक्षेप

### पीएम ऑफिस पहुंची भ्रष्टाचार की शिकायत

**फतेहाबाद।** नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग फतेहाबाद में कथित भ्रष्टाचार और अनियमितताओं को लेकर एक गंभीर शिकायत प्रधानमंत्री कार्यालय तक पहुंचाई गई है। शिकायत में विभाग के डिप्टी सुपरिंटेंडेंट पर प्रॉपर्टी डीलरों के साथ मिलीभगत कर अवैध कॉलोनियों और निर्माण को बढ़ावा देने के आरोप लगाए गए हैं। आरटीआई सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम सोनी द्वारा भेजी गई इस शिकायत में आरोप लगाया गया है कि शहर के कुछ प्रॉपर्टी डीलरों के साथ मिलीभगत है, उनके साथ सांठगांठ कर बिना अनुमति, बिना एनओसी और बिना स्वीकृत नक्शे के कॉलोनियां विकसित की जा रही हैं। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि प्रशासन द्वारा पहले कई स्थानों पर पीला पंजा चलाकर अवैध निर्माण हटाए गए थे, लेकिन बाद में उन्हीं स्थानों पर दोबारा निर्माण कर लिया गया।

### एसडीएम ने समाधान शिविर में सुनी समस्याएं

**फतेहाबाद।** लघु सचिवालय के सभागार में एसडीएम फतेहाबाद राजेश कुमार की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान एसडीएम ने नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और कई मामलों का मौके पर ही समाधान करवाया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन शिकायतों का निवारण तत्काल संभव नहीं है, उन्हें संबंधित विभाग प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समयसीमा में हल करें, ताकि नागरिकों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। शिविर में प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, बिजली आपूर्ति, राजस्व एवं पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं। एसडीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इन समस्याओं का शीघ्र एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिविरों का मुख्य उद्देश्य आमजन को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं प्रदान करना है।

### प्रशिक्षणार्थियों को वितरित किए सर्टिफिकेट

**सिरसा।** पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान सिरसा में सरकार द्वारा बनाए गए नए मनरेगा कानून जी रामजी के तहत विभिन्न गांवों से आए मजदूरों के लिए आयोजित 6 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न हो गया। शिविर में प्रतिभागिता करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के सर्टिफिकेट सीईओ सुभाष चंद्र ने अपने हाथों से देकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण शिविर में सीखे गए रोजगारपरक क्रियाकलापों से प्रशिक्षणार्थी जो कुछ भी सीखते हैं, उससे वे बाहर जाकर अपना स्वयं का रोजगार चला सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस कानून से संबंधित मजदूरों को जो भी समस्याएं आएंगी, उनका मिलकर समाधान किया जाएगा। इस मौके पर निदेशक जितेश कंबोज ने कहा कि कुशलता से स्वरोजगार करने के लिए बैंक द्वारा तय मानदंडों के अनुसार ऋण दिया जाता है।

## रिकार्ड : एक सप्ताह में 35 से गिरकर 21 तक आया तापमान, ठंड ने फिर दी दस्तक

# बूंदाबांदी के बाद दिनभर तेज हवाएं चलने से खेतों में बिछी गेहूं की फसल

सुरेन्द्र असीजा ▶▶| फतेहाबाद

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते वीरवार दिनभर बादलवाही के बाद तेज रफ्तार से हवाएं चली और उसके बाद हल्की बारिश होने लगी। दिनभर हुई बूंदाबांदी से खेतों में पकने को तैयार गेहूं की फसल बिछ गई, जिससे किसानों की नींद उड़ने लगी है। ऐसे में अगर ज्यादा बरसात हुई तो गेहूं की फसल को खराब होने से कोई नहीं रोक सकता। मौसम बिगड़ने से यहां का अधिकतम तापमान 6 डिग्री गिरकर 21 डिग्री रह गया जबकि न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस रह गया। बता दें कि एक सप्ताह पहले यहां तापमान 35 डिग्री तक पहुंच गया था वहीं न्यूनतम तापमान 19 डिग्री हो गया था। इसके बाद पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव होने से तापमान में लगातार गिरावट आ रही है। 14 डिग्री तक तापमान गिरने से एक बार फिर ठंड वापस लौट आई है।

पिछले दिनों हिसार स्थित चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौसम विभाग ने 21 मार्च तक पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम बिगडऩे की भविष्यवाणी की हुई है। वीरवार सुबह से ही तेज हवाएं चलने से तापमान में गिरावट आनी शुरू हो गई। वीरवार सुबह जहां हल्की बूंदाबांदी हुई वहीं उसके बाद तेज हवाएं चली। ऐसे में पकने को तैयार गेहूं की फसल नीचे बिछ गई। यहां के गांव ढाणी माजरा, बिसला, ढाणी रायपुर, भिरड़ाना, भूना के गांव टिब्बी, डूल्ट, लहरियां, सांचला, जाखल के सिधानी, साधनवास, जमालपुर व कुलां के अनेक गांवों के अलावा जिलेभर के अनेक गांवों में गेहूं की फसल खेतों में जमीन पर बिछ गई। बिछी गेहूं की फसल पछेती बिजी बताई गई है। माना जा रहा है कि पछेती बिजी गई गेहूं का तना अभी कमजोर था, जिस कारण हवा चलते ही गेहूं जमीन पर लेट गई।कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि जिस गेहूं के खेत में किसान द्वारा अभी पानी लगाया गया था, तेज हवाएं चलने से वह फसल बिछ गई है जबकि जहां पानी नहीं लगाया गया था, वहां गेहूं की फसल का बचाव है। अगर आगे तेज हवाएं चलती है या बरसात होती है तो गेहूं की काफी फसल बिछ सकती है। फतेहाबाद में आज न्यूनतम तापमान 16 डिग्री दर्ज किया गया जबकि अधिकतम तापमान 21 डिग्री के आसपास रहा।





फतेहाबाद। भूना रोड पर गांव माजरा के पास तेज हवाओं से बिछी गेहूं की फसल तथा दोपहर बाद शहर में हो रही बूंदाबांदी। फोटो : हरिभूमि

### पाले से सरसों व तेज हवाओं से गेहूं को नुकसान

*गेहूं की बिजाई के बाद से ही इस बार अभी तक बारिश नहीं हुई। पहले तेज गर्मी व बढ़ते तापमान से गेहूं की फसल को खतरा बताया गया था। ऐसा 13 साल बाद हो रहा है कि दिसम्बर से लेकर फरवरी तक जिले में बारिश न हुई हो। ज्यादा ठंड से सरसों की फसल को नुकसान पहुंचा। अब तेज हवाएं व बूंदाबांदी से गेहूं की फसल को नुकसान हो रहा है। गेहूं की फसल को अब अंतिम सिंचाई की जरूरत थी, तब किसानों के सिर पर ओले आन पड़े वाली स्थिति पैदा हो गई। किसानों को डर है कि हवाओं के बाद अगर ओलावृष्टि हुई तो गेहूं को काफी नुकसान हो सकता है।*

### मौसम साफ होने पर करें सिंचाई

दो दिनों से प्रदेश में तेज हवा चल रही है। जिस गेहूं के खेत में पानी लगा हुआ था, वह कुछ फसलें बिछ गई है। ऐसे में गेहूं को 10 से 15 फीसदी नुकसान हो सकता है। किसानों को सलाह दी है कि वे गेहूं में अभी सिंचाई न करे। मौसम के साफ होने पर ही सिंचाई करें। **-मुकेश महला,** एसडीओ कृषि विभाग, टोहाना

### बारिश से पछेती फसल को होगा फायदा

जिन खेतों में सिंचाई हो रखी थी, वहां फसलें बिछ गई है जबकि तापमान में गिरावट आने से पछेती बिजी गई गेहूं की फसल को फायदा होगा। पछेती फसल में अभी दाने में रस है, जिसके पकने पर दाना मजबूत होगा, इससे उत्पादन भी बढ़ेगा। किसान को अभी सिंचाई से बचना चाहिए। धूप निकलने के बाद बिछी हुई फसल ठीक हो जाएगी। **-डॉ. राजेश सिहाग,** डीडीए फतेहाबाद



सिरसा। बरसात से गिरी गेहूं की फसल। फोटो : हरिभूमि

## बूंदाबांदी ने बढ़ाई किसानो की चिंता फसलों में नुकसान की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

- जिले में 298000 हेक्टेयर में गेहूं की फसल व 6500 हेक्टेयर में सरसों की फसल की हुई बिजाई
- किसान फसलों में सिंचाई न करें, विभागीय अधिकारियों की सलाह के अनुसार रखरखाव करें

जिलाभर में वीरवार सुबह से हो रही बूंदाबांदी व हल्की बरसात ने किसानों की चिंता बढा दी है। खेतों में पकी-पकाई सरसों व गेहूं फसल को नुकसान होने की आशंका है। एक और जहां पिछले हफ्ते आई बरसात से किसानों के चेहरे खिले हुए थे और फसलों को लाभ मिलने की उम्मीद जताई जा रही थी, लेकिन अब दो दिनों से मौसम में आए बदलाव व हल्की बरसात से सरसों व गेहूं की फसल को नुकसान होने की आशंका है। वीरवार को दिनभर हल्की बूंदाबांदी जारी रही। किसान मोहन लाल, गदराना के किसान बलविंद्र सिंह, प्रगट सिंह, मेजर सिंह आदि ने कहा कि अगर बरसात तेज आती है तो उन्हें नुकसान उठाना पड़ सकता है फिलहाल इस समय फसल काफी अच्छी खड़ी है। अगर बरसात तेज आती है या तेज आंधी या ओलावृष्टि होती है तो सरसों और गेहूं की फसल को नुकसान पहुंच सकता है। इस सबंध में कृषि उप निदेशक डॉक्टर सुखदेव कंबोज ने बताया कि जिले में 298000 हेक्टेयर में गेहूं की फसल और 6500 हेक्टेयर में सरसों की फसल की बिजाई की गई है। इस समय सरसों की फसल की कटाई जारी है। इसलिए किसान अपनी फसल में सिंचाई न करें और कृषि विभाग के अधिकारियों की सलाह अनुसार ही अपनी फसल का रखरखाव करें। इस समय हो रही बारिश का गेहूं व सरसों की फसल पर बुरा असर पड़ रहा है। जिससे किसानों को काफी नुकसान झेलना पड़ेगा।

## किसानों ने पंजाब के मुख्यमंत्री का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

भारतीय किसान एकता (बीकेई) के बैनर तले वीरवार को किसानों ने लघुसचिवालय के बाहर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान का पुतला फूंका। दोपहर तीन बजे के दौरान बीकेई प्रधान लखविंद्र सिंह ने बताया कि किसानों-मजदूरों की मांगों को लेकर 401 दिनों से शांतिपूर्ण चले किसान आंदोलन भाग-2 को पंजाब की भगवंत मान सरकार ने केंद्र के इशारे पर एक साल पहले 19 मार्च 2025 को उजाडऩे का काम किया। औलख ने कहा कि लूटा गया सामान आज तक किसानों को वापस नहीं दिया गया है ना ही उसकी भरपाई करवाई गई है। इसलिए आज पंजाब और हरियाणा में भगवंत मान सरकार के खिलाफ विरोध दर्शन करते हुए पुतले फूंके गए।

बीकेई ने उपायुक्त को किसानों-मजदूरों की मांगों का मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में बीमा कंपनियों द्वारा किसानों के साथ बार-बार हो रही गड़बडिय़ों को ठीक करने और मंडियों में फसल बेचने वाले किसानों की बायोमेट्रिक और ट्रैक्टर की फोटो के फरमान को वापस लेने की मांग रखी गई। किसान नेता ने कहा कि अधिकारियों/कर्मचारियों और व्यापारियों ने पंजीकरण में गड़बडिय़ां करके धान घोटाला किया, बाजरा भावांतर योजना में किसानों की लूट की, सीसीआई द्वारा नरमा खरीद में घोटाला किया गया, उन पर कार्रवाई करने की बजाए अब सरकार द्वारा बायोमेट्रिक वाला तुगलकी फरमान सुनाकर सजा किसानों को दी जा रही है, जो कभी सहन नहीं होगी। लखविंद्र सिंह कहा कि क्रॉप कटिंग करते समय गांव को इकाई मानने की बजाय एक किसान को इकाई माना जाए, ताकि खराब हुई फसलों की बीमा क्लेम से भरपाई करवाई जा सके।



सिरसा। लघु सचिवालय में पंजाब के मुख्यमंत्री का पुतला फूंकते किसान। फोटो : हरिभूमि

### डीएवी पुलिस स्कूल में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया आर्य समाज का 152वां स्थापना दिवस

**फतेहाबाद।** पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल, फतेहाबाद में आर्य समाज के स्थापना सप्ताह के उपलक्ष्य में एक भव्य, आध्यात्मिक एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में वैदिक मूल्यों, नैतिक शिक्षा एवं सामाजिक जागरूकता का प्रसार करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातःकाल यज्ञ एवं वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ हुआ। यज्ञ में प्रधानाचार्या, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने आहुति देकर विश्व शांति, समृद्धि एवं मानव कल्याण की कामना की। इस दौरान वातावरण पूर्णतः आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत हो गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत भाषणों में महान समाज सुधारक स्वामी दयानंद सरस्वती जी के जीवन, उनके विचारों एवं उनके द्वारा स्थापित आर्य समाज के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने बताया कि स्वामी दयानंद सरस्वती जी ने 10 अप्रैल 1875 को आर्य समाज की स्थापना कर समाज में व्याप्त अंधविश्वास, कुरीतियों एवं सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध एक सशक्त आंदोलन का प्रारंभ किया गया। अंधविश्वास एवं अशिक्षा के दुष्प्रभावों को दर्शाते हुए शिक्षा, समानता एवं सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया गया।



फतेहाबाद। आर्य समाज के स्थापना दिवस समारोह में भाग लेते विद्यार्थी।

## न्यूज डायरी

### लाखों रुपये की हेरोइन सहित तस्कर गिरफ्तार



**सिरसा।** पुलिस ने डबवाली क्षेत्र से एक नशा तस्कर को लाखों रुपये की करीब 30 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। एएनसी प्रभारी डबवाली रणजोध सिंह ने गुरुवार को बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान शिव प्रकाश के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान गांव चौटाला में मौजूद थी। इसी दौरान एक युवक आता दिखाई दिया जो कि पुलिस टीम को देखकर वापस मुड़कर भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने शक के आधार पर उसे दबोच लिया और तलाशी ली तो उसके कब्जे से करीब 30 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में आरोपी की पहचान शिवप्रकाश के रूप में हुई। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### पुलिस ने चोर पकड़ा, पांच मोटरसाइकिल बरामद



**सिरसा।** पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए गिरोह के एक सदस्य को सिरसा क्षेत्र से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से पांच चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद किए हैं। आरोपी की पहचान सिरसा निवासी विजय के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने हरियाणा के अलावा राजस्थान से भी दो मोटरसाइकिल चोरी करने की बात कबूल की है। उन्होंने बताया कि फतेहाबाद जिला के गांव बोदीवाली निवासी कुलदीप सिंह ने डिंग थाना में शिकायत दर्ज करवाई कि उसकी बाइक डिंग मंडी से चोरी हो गई है। कुलदीप सिंह की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

### राधे गांधी लगातार चौथी बार सर्वसम्मति से बने प्रधान



**सिरसा।** सीड, पेस्टीसाइड और फर्टिलाइजर एसोसिएशन की वीरवार को बैठक हुई जिसमें सर्वसम्मति से राधे गांधी को चौथी प्रधान नियुक्त किया गया। प्रधान ने कहा कि उनका सदैव यही प्रयास रहा है कि व्यापारी व किसान के बीच में हमेशा भाईचारा कायम रहे । उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा व्यापारियों के लिए कई कानून लाए गए, जोकि व्यापारी हित में नहीं थे, जिसका संगठन ने पुरजोर विरोध कर व्यापारियों की आवाज को बुलंद किया। उन्होंने किसानों से भी आह्वान किया कि जब हम सीलबंद माल लेकर किसानों को देते हैं तो उसकी गुणवत्ता व क्वालिटी की दिक्कत आती है तो कंपनी भरपाई करे न कि व्यापारी से करवाई जाए। उन्होंने कहा कि वे बिल के साथ अपना सामान बेचें और किसी भी प्रकार से क्वालिटी व गुणवत्ता से समझौता न करें।

### झाड़ साहब गुरुद्वारा मेले में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**फतेहाबाद।** ऐतिहासिक झाड़ साहब गुरूद्वारे में आज अमावस्या पर मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने गुरूद्वारा साहिब में माथा टेका। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के दिशा-निर्देशन में अमावस्या मेले के अवसर पर झाड़ साहब गुरुद्वारा परिसर तथा आसपास के क्षेत्र में व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए विशेष ड्यूटी लगाई गई है। गुरुनानकपुरा चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक रमेश के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा गुरुद्वारा परिसर, मुख्य मार्गों, पार्किंग स्थलों और भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दिए।

### भाजपा के अव्यवहारिक फैसलों से किसान परेशान : विष्णुदत्त



**फतेहाबाद।** रबी 2026 की फसल खरीद के लिए हरियाणा सरकार द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देश अव्यवहारिक है जिससे किसानों को अपनी फसल बेचने में अनेक परेशानी उठानी पड़ेगी। सरकार तुरंत प्रभाव से जारी की गई इस खरीद व्यवस्था के निर्देशों को वापिस ले और खरीद की पुरानी व्यवस्था बहाल करे। किसान सभा के जिला प्रधान विष्णुदत्त शर्मा व जिला सचिव मा. राजेन्द्र सिंह बाटू ने कहा कि अभी रबी सीजन की फसलों की सरकारी खरीद के लिए सरकार ने ऑनलाइन पोर्टल पंजीकरण, ट्रैक्टर नंबर प्लेट की अनिवार्यता, गेट पर किसान के अंगूठे के निशान लगवाना आदि की जो अनिवार्यता लागू की है वो सरासर किसान विरोधी निर्णय है । इससे किसानों को मंडी में अपनी फसल बेचने में अनेक दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।

### त्योहारी सीजन में ऑनलाइन शॉपिंग सावधानी से करें



**फतेहाबाद।** त्योहारी सीजन के दौरान ऑनलाइन शॉपिंग में बढ़ोतरी के साथ-साथ साइबर ठगी के मामलों में भी इजाफा देखा जा रहा है। इसी के मद्देनजर फतेहाबाद पुलिस ने आमजन के लिए विशेष एडवाइजरी जारी कर सतर्क रहने की अपील की है। एसपी ने कहा कि साइबर अपराधी फर्जी वेबसाइट, नकली कस्टमर केयर नंबर और आकर्षक ऑफर्स के जरिए लोगों को ठग रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स जैसे ओएलएक्स, क्विकर आदि पर ठग स्वयं को आर्मी पर्सन या सरकारी कर्मचारी बताकर भरोसा जीतते हैं और एडवांस पेमेंट के नाम पर धोखाधड़ी करते हैं। फतेहाबाद पुलिस ने ऑनलाइन शॉपिंग के दौरान सावधानी बरतने की सलाह देते हुए कहा है कि केवल विश्वसनीय वेबसाइटों से ही खरीदारी करें तथा अत्यधिक सस्ते या अविश्वसनीय ऑफर्स से बचें।

## कार्यकर्ताओं में मुख्यमंत्री की होड़ पार्टी के लिए सबसे बड़ा खतरा : बिजेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

कांग्रेस के पूर्व सांसद बिजेंद्र सिंह ने पार्टी के भीतर मुख्यमंत्री पद की बढ़ती महत्वाकांक्षाओं पर कड़ा प्रहार किया है। वीरवार को अपनी 'सद्भाव यात्रा' के दौरान रतिया की नामदेव धर्मशाला पहुंचे बिजेंद्र सिंह ने पत्रकारों से बातचीत में दो टूक कहा कि कार्यकर्ताओं और नेताओं में मुख्यमंत्री बनने की होड़ ही पार्टी के लिए सबसे बड़ा खतरा है।

बिजेंद्र सिंह ने कहा कि फिलहाल चुनाव में समय है, इसलिए सभी का ध्यान केवल भाजपा को हराने और प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाने पर होना चाहिए। उन्होंने खुद के मुख्यमंत्री बनने के सवाल पर चुटकी लेते हुए कहा कि मैं अभी दूल्हा बनने के बजाय सरकार बनाने पर ध्यान दे रहा हूं। यह समय व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं का नहीं, बल्कि राहुल गांधी की सोच को आगे बढ़ाने और पार्टी को मजबूत करने का है।

राज्यसभा चुनाव में विधायकों द्वारा की गई क्रॉस वोटिंग पर बोलते हुए पूर्व सांसद ने इसे 'विश्वासघात' करार दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी के सिंबल पर चुनाव जीतकर गद्दारी करना अनुशासनहीनता की पराकाष्ठा है और ऐसे दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। खरीद-फरोख्त के संकेतों पर उन्होंने शायराना अंदाज में कटाक्ष करते हुए कहा, कुछ तो मजबूरियां रही होंगी, यूं ही कोई बेवफा नहीं होता।

उन्होंने कहा कि आज लोगों के पास अनाप-शनाप पैसा है और वे उम्मीद से तीन गुना ज्यादा खर्च करने को तैयार बैठे हैं। बिजेंद्र सिंह ने कांग्रेस आलाकमान और कार्यकर्ताओं को नसीहत दी कि यदि आगामी लड़ाई किसी एक चेहरे को केंद्र में रखकर लड़ी गई, तो राह मुश्किल हो सकती है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि मुकाबला अब नेताओं के बीच नहीं, बल्कि पार्टियों और विचारधाराओं के बीच है। यात्रा में विधायकों की कम मौजूदगी पर उन्होंने सफाई दी कि यह किसी गुट की नहीं, बल्कि कांग्रेस की यात्रा है। उन्होंने कहा, मेरी यात्रा में विधायक नहीं, सच्चे कांग्रेसी आ रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह, राजपाल सिंह, कृष्ण तनेजा, गुरदीप गिल, परगट सिंह, गुरदीप चहल और गुलशन सहित भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।



रतिया। पत्रकारों से वार्ता करते हुए पूर्व सांसद विजेंद्र सिंह। फोटो : हरिभूमि

कार्यक्रम

### शिविर में 'काश' शब्द को जीवन से हटाने का दिया संदेश

# एनएसएस शिविर में छात्राओं की हरियाणवी व पंजाबी डांस प्रस्तुतियों ने मोहा लोगों का मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

चौधरी मनीराम गोदारा राजकीय महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का वीरवार को समापन हो गया।

समापन समारोह में स्वयंसेवकों ने अपनी प्रतिभा, अनुशासन और सेवा भावना का शानदार प्रदर्शन करते हुए उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।

समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के बायोटेक्नोलॉजी विभाग की प्रोफेसर डॉ. प्रियंका सिवाच ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर कार्यकारी प्राचार्य डॉ. लखबीर कौर तथा एनएसएस प्रभारी डॉ. शकुंतला सिहाग और रमन ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

कार्यक्रम में छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। लोकनृत्य, हरियाणवी और पंजाबी डांस, मधुर गीतों तथा देशभक्ति कविताओं ने कार्यक्रम में उत्साह का माहौल बना दिया। वहीं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वयंसेवकों ने समाज में फैली कुरीतियों और ज्वलंत सामाजिक मुद्दों पर प्रभावी संदेश देते हुए लोगों को जागरूक किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्राओं की प्रस्तुति को उपस्थित लोगों ने खूब सराहा।



फतेहाबाद। एनएसएस शिविर के दौरान उपस्थित स्वयसेवक व अतिथि।

### प्रमाण-पत्र देकर किया सम्मानित

मुख्य अतिथि डॉ. प्रियंका सिवाच ने अपने संबोधन में कहा कि जीवन में सफलता उन्हीं लोगों को मिलती है जो परिस्थितियों से भागने के बजाय उनका समाधान तलाशते हैं। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति अपने सपनों को पूरा करना चाहता है, लेकिन वही आगे बढ़ता है जो चुनौतियों का डटकर सामना करता है। उन्होंने छात्राओं से 'काश' शब्द को जीवन से हटाकर अपनी परिस्थितियों की जिम्मेदारी लेने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने अपने एनसीसी के दिनों के अनुभव साझा करते हुए बताया कि साधारण पृष्ठभूमि से निकलकर भी मेहनत और दृढ़ निश्चय के बल पर बड़ी उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं। कार्यक्रम की शुरुआत में एनएसएस प्रभारी डॉ. शकुंतला सिहाग ने सात दिवसीय शिविर की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की और स्वयंसेवकों के अनुशासन व समर्पण की सराहना की। अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली स्वयंसेविकाओं को मुख्य अतिथि द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के अनेक स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।

### परीक्षा में ऑनलाइन प्रक्रिया से शिक्षण कार्य बाधित: संघ

**सिरसा।** हरियाणा के राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में इन दिनों शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित वार्षिक परीक्षाओं की प्रक्रिया ने शिक्षकों के समक्ष गंभीर व्यावहारिक समस्याएं खड़ी कर दी हैं। परीक्षा को लिखित एवं मौखिक दोनों रूपों में आयोजित किया जा रहा है, वहीं मौखिक मूल्यांकन को एक ऑनलाइन ऐप के माध्यम से अनिवार्य किया गया है, जो जमीनी स्तर पर अत्यंत अव्यवहारिक सिद्ध हो रहा है। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ, सिरसा के जिला महासचिव विजय सहारण ने बताया कि पहली कक्षा के गणित विषय के ऑनलाइन मूल्यांकन में एक छात्र के लिए 100 से अधिक प्रश्न दर्ज हैं। यदि किसी कक्षा में औसतन 40 से 50 छात्र हैं, तो एक शिक्षक को हजारों प्रश्नों का मूल्यांकन ऐप में दर्ज करना पड़ रहा है। उदाहरण के तौर पर 40 छात्रों के लिए यह संख्या 4000 से अधिक प्रश्नों तक पहुंच जाती है।